

# मां नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा व भंडारा में उमड़ा जनसैलाब

## क्षेत्रीय विधायक एवं वरिष्ठ समाजसेवी, जनप्रतिनिधियों व श्रद्धालुओं ने मां नर्मदाजी का लिया आशीर्वाद

**नवभारत/ गोटेगांव।** माँ नर्मदा तट मुआरघाट से दुभाघाट तक एक दिवसीय मां नर्मदाजी की पंचकोशी परिक्रमा एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया,मां नर्मदा तट पर यात्रा हेतु जनसैलाब उमड़ा गौरतलब हैकि मां नर्मदाजी की पंचकोशी परिक्रमा का आयोजन गत 11 वर्षों से समिति द्वारा किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित करते आ रहे हैं, मां नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा में शामिल होने वाले श्रद्धालुजन नर्मदातट मुंआर घाट तक आने जाने हेतु स्वयं के वाहनों से बड़ी संख्या में पहुंचे,पंचकोशी परिक्रमा कर रहे धर्मानुरागी बंधुओं को माँ नर्मदा मंदिर पुजारी पंडित लखनलालजी द्वारा पूजन अर्चन कराए जाने के उपरांत सभी भक्तों के द्वारा नमामि देवी नर्मदे हर हर का जयघोष करके यात्रा शुरूकर भक्ति भाव श्रद्धा के साथ मां नर्मदाजी के जयघोष करते हुए यात्रा दुवाघाट एवं बरमकुंड घाट से वापिसी पर सभी श्रद्धालु बंधुओं को नाव से उस पार पहुंचाया गया जहां पर श्रद्धालु बंधुओं ने जगतजननी माता नर्मदा मैयाजी का पूजनअर्चन हवन पूर्ण विधि-विधान मंत्रोच्चारण के साथ पं.लखनलाल उपम्मन द्वारा कराये जाने के तत्पश्चात बतायाकि सच्चे मन से मां नर्मदामैयाजी की परिक्रमा करने वाले को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है पंचकोसी परिक्रमा समिति सदस्यों एवं शैलू नेमा के सहयोगियों द्वारा भंडारे की संपूर्ण व्यवस्था की गई मातारानी का भंडारा ग्रहण करके अपने जीवन को धन्य बनाया यात्रा में समिति द्वारा सुबह चाय नास्ता के साथ नर्मदातट पर विशाल भंडारे का आयोजन समिति द्वारा कराया गया।

## झांसी घाट में मां नर्मदा मैया जी भव्य महाआरती



**गोटेगांव।** समीप विगतदिवस झांसीघाट स्थित मां नर्मदा तट पर श्री मां रेवा सेवा समिति झांसी घाट के तत्वाधान में मां नर्मदा मैयाजी जीवन दाहिनी की भव्य महाआरती आचार्य पंडित सम्राट मिश्राजी के आचार्यत्व में पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ मुख्य यजमान भैयाजी वैष्णव अरविंद पटेल एवं अनिल बर्मन के द्वारा पूजन अर्चन किया गया ! मां नर्मदा मैयाजी को जलेबी एवं लड्डूओं का भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया ज्ञात होवेकि मां नर्मदा तट झांसीघाट में यह महा आरती का आयोजन श्री मां रेवा सेवा समिति के द्वारा निरंतर तीन माह से जारी है इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु जनों द्वारा सामूहिक रूप से महा आरती की।

**चक्काजाम** | **पुतला दहन और बीबीजी रामजी विधेयक की प्रतियां जलाई**

# सालीचौका में माकपा का चक्काजाम

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ सालीचौका।** वामपंथी पार्टियों के देशव्यापी आव्हान पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नरसिंहपुर द्वारा सोमवार 22 दिसंबर को सालीचौका में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान माकपा एवं किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने चक्काजाम कर केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की तथा बीबीजी रामजी विधेयक की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन की शुरुआत बसुरिया रोड स्थित डांग खाद वितरण केंद्र (वेयरहाउस) के सामने सड़क पर चक्काजाम से हुई। इस दौरान कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुतला दहन के दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हल्की झूमाझटकी की स्थिति भी बनी, हालांकि बाद में पुलिस प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया। माकपा नेताओं ने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलकर बीबीजी रामजी ङ्क विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) लाकर योजना को समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है।



### गरीब मजदूरों और ग्रामीणों को भारी नुकसान

नए विधेयक के तहत 40 प्रतिशत व्यय का भार राज्यों पर डालकर केन्द्र सरकार अपनी जिम्मेदारी से बचना चाहती है, जिससे गरीब मजदूरों और ग्रामीणों को भारी नुकसान होगा। प्रदर्शनकारियों ने किसानों और मजदूरों से जुड़ी कई ज्वलंत समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। माकपा ने मांग की कि यूरिया खाद की कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही धान खरीदी के लिए स्लॉट बुकिंग पोर्टल को 24 घंटे चालू रखने की मांग भी उठाई गई। वेयरहाउसों की अव्यवस्थाओं को लेकर भी आक्रोश व्यक्त किया गया। नेताओं ने कहा कि किसानों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। लेकिन वेयरहाउस परिसरों में शुद्ध पेयजल, शौचालय, ठंड से बचाव हेतु अलाव और टीन शेड जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने डांग वेयरहाउस से जुड़े गांवों की सूची सार्वजनिक रूप से दीवार पर अंकित करने तथा दिनवार खाद वितरण व्यवस्था लागू करने की मांग की, ताकि बाहरी व्यापारियों द्वारा खाद की अवैध खरीद को रोका जा सके। प्रदर्शन के दौरान शक्ति शुगर मिल, कौड़िया (गाडरवारा) में कार्य के दौरान गंभीर रूप से घायल हुए चार मजदूरों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया।

### मिल प्रबंधन से मांग

माकपा नेताओं ने मिल प्रबंधन से मांग की कि घायल मजदूरों के इलाज में कोई लापरवाही न बरती जाए, प्रत्येक मजदूर के नाम 20-20 लाख रुपये की एफडी की जाए तथा उनके परिवारों को जीवनपर्यंत भुगतान का लिखित आश्वासन दिया जाए। उन्होंने प्रशासन से भी अपील की कि वह स्वत: संज्ञान लेकर मजदूर हित में तत्काल कार्रवाई करे। माकपा ने चेतावनी दी कि यदि मजदूरों पर दबाव बनाकर या प्रलोभन देकर उन्हें उनके अधिकारों से वंचित करने का प्रयास किया गया तो पार्टी मजदूरों और किसानों के साथ मिलकर संघर्ष करेगी। किसी भी दुर्घटना या अप्रिय घटना के लिए संबंधित मिल प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। प्रदर्शन के पश्चात वेयरहाउस से संबंधित मांगों का ज्ञापन सालीचौका उपथाना प्रभारी को सौंपा गया, जबकि शक्ति शुगर मिल से संबंधित ज्ञापन पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर के नाम पुलिस प्रशासन को सौंपा गया। इस विरोध प्रदर्शन में मध्यप्रदेश किसान सभा के अध्यक्ष लीलाधर वर्मा, सहित बड़ी संख्या में किसान, मजदूर और

## चाकू लेकर दहशत फैलाने वाला गिरफ्तार

**नवभारत/गाडरवारा।** नगर में शांति व्यवस्था बनाने के लिये की जा रही गस्त के दौरान मुखबिर के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली की नगर की बाहुबली होटल के पास बल्लभ मार्केट में एक युवक अपने हाथ में तेज धारदार चाकू लेकर दहशत फैलाने का प्रयास कर रहा है। इस सूचना पर जब पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर देखा तो एक युवक अपने हाथ में चाकू लिये हुये घूम रहा था। इस युवक को पुलिस द्वारा नाकेबंदी करते हुये पकड़कर जब पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम नीलेश उर्फ रज्जू पिता नारायण उर्फ गुड्डु कुर्मी उम्र 21 साल निवासी बल्लभ मार्केट के सामने राजीव वार्ड का होना बताया।

## ज्ञानशील, एकता ध्येय को लेकर कार्य कर रहा विद्यार्थी परिषद

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** भगवान बिरसा मुंडा की 150 भी जन्म जयंती शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में विद्या भारती महाकौशल प्रांत के द्वारा पूरे प्रांत में सामान्य ज्ञान परीक्षा आयोजित की गई थी।जिसमें जिले में लगभग 4000 छात्रों के द्वारा भाग लिया गया। जिनमें 360 छात्र-छात्राएं तेंदूखेड़ा तहसील के विभिन्न स्कूलों के सम्मिलित हुए।गत दिवस तहसील स्तरीय पुरस्कार वितरण किए गए। सरस्वती पूजन एवं सरस्वती वंदना के साथ से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ । इस मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संगठन मंत्री प्रिंस तिवारी मुख्य वक्ता संदीप मुसकरेया स्वदेशी



जागरण मंच से नीलेश खरे गीता साहू सीमा जैन दीपक चड़ार अभिषेक ठाकुर एवं विद्यार्थी परिषद तेंदूखेड़ा से आदर्श जाटव सूरज जाटव उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता ने विद्यार्थी परिषद के बारे में बताते हुए कहा कि है भारत का सबसे बड़ा राष्ट्रवादी छात्र संगठन है जिसकी स्थापना 1949 में हुई जो की मुख्य रूप से राष्ट्रीय पुनरुत्थान छात्र कल्याण एवं चरित्र निर्माण की विषय को लेकर छात्रों के बीच में

**प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़ी लापरवाही**

## पात्र हितग्राही की राशि दूसरे के खाते में डाली, मुआर पंचायत का मामला

**नवभारत/साईखेड़ा।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास के क्रियान्वयन में जनपद पंचायत साईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मुआर में बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। यहाँ एक पात्र हितग्राहि हरगोबिंद/ हल्के बीर किरार की राशि अपात्र हरि गोबिंद दया चंद पाल के खाते में डाल दी गई है हितग्राही की आवास राशि किसी अन्य व्यक्ति के बैंक खाते में डाल दी गई है। अब पीड़ित हितग्राही अपने हक की राशि पाने के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहा है, लेकिन उसकी सुनने वाला कोई नहीं है।

**क्या है पूरा मामलाड़:** प्राप्त



जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत मुआर के एक गरीब हितग्राही का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में स्वीकृत हुआ था। नियमों के अनुसार, आवास निर्माण के लिए पहली किस्त हितग्राही के आधार लिंक खाते में जानी चाहिए थी। परंतु, पंचायत स्तर पर हुई तकनीकी गड़बड़ी या गंभीर लापरवाही के चलते उक्त राशि किसी अन्य व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर कर दी गई।

### भ्रष्टाचार या तकनीकी चूक

ग्रामीणों के बीच यह चर्चा का विषय है कि आखिर किसी अन्य व्यक्ति का खाता हितग्राही के नाम से कैसे जुड़ गयाड़ क्या यह केवल एक क्लर्क की गलती है या इसके पीछे कोई गहरी मिलीभगत हैड़ इस मामले ने पंचायत राज व्यवस्था और जियो-टैगिंग की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

### दर-दर भटक रहा हितग्राही

पीड़ित हितग्राही का कहना है कि उसे उम्मीद थी कि आवास की राशि मिलने से उसका अपना पक्का घर बनेगा, लेकिन अब वह अधिकारियों की चौखट पर न्याय की गुहार लगा रहा है। हितग्राही ने आरोप लगाया कि पंचायत कर्मियों की लापरवाही के कारण उसे यह दिन देखना पड़ रहा है। जब इस संबंध में पंचायत सचिव और संबंधित अमले से बात की जाती है, तो वे संतोषजनक जवाब देने के बजाय मामले को टाल रहे हैं।

### एक नजर में


## बीटीआई गाडरवारा के छात्रों ने किया सोलर पावर प्लांट का भ्रमण

**नवभारत/ गाडरवारा।** गत दिवस पी एम श्री शास. बालक उ. मा. वि. (बी टी आई) गाडरवारा के नवीन व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर ट्रेड के छात्रों ने श्री महालक्ष्मी सोलर पॉवर प्लांट का भ्रमण किया । गौरतलब है कि गाडरवारा के इस विद्यालय में नवीन व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर ट्रेड संचालित है जिसमें प्रत्येक तिमाही में छात्रों को संबंधित ट्रेड से जुड़ी हुई इंडस्ट्री में औद्योगिक भ्रमण पर ले जाने की अवधारणा संयोजित है। इसी औद्योगिक भ्रमण को संपन्न करने के लिए विद्यालय द्वारा छात्रों को श्री महालक्ष्मी सोलर पावर प्लांट का भ्रमण कराया गया । जिसमें छात्रों ने सोलर पावर की सैद्धांतिक अवधारणा, कार्यप्रणाली, उसके लाभ, लागत और इसकी साफ सफाई के लिए प्रयुक्त रोबोट इत्यादि बिंदुओं पर प्लांट के संचालक शशांक चौधरी और उनकी टीम के साथ विस्तार से विवरणात्मक परिचर्चा की । इस दौरान प्लांट के संचालक श्री चौधरी ने भी छात्रों की उत्सुकता और उत्साह को देखते हुए छात्रों के सभी प्रश्नों को स्वीकारते हुए सारे पहलुओं के बारे में गहनता से समझाया। इस औद्योगिक भ्रमण का आयोजन प्राचार्य सुनीता पटेल के कुशल नेतृत्व में, विद्यालय के व्यावसायिक प्रशिक्षक अंशुमान दुबे एवं विनोद कुमार तिवारी के द्वारा हुआ। इस भ्रमण में विद्यालय के नोडल अधिकारी राजेश दुबे का उचित मार्गदर्शन इस कार्यक्रम की सफलता में सहयोगी रहा।

## वात्सल्य भारती माता के प्रथम डोभी आगमन पर जोरदार स्वागत


**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** विगत बारह वर्ष पूर्व आचार्य श्री 108 विशद सागर महाराज जी से प्रेरणा लेकर अपने गृहस्थ जीवन से वैराग्य लेकर पूज्य माता जी बनीं डोभी नगर की गौरव 105 श्री वात्सल्य भारती माताजी के प्रथम बार डोभी नगर आगमन पर समस्त धर्मों के लोगों द्वारा पूज्य माता जी की जोरदार आगवानी की गई। दिगम्बर जैन समाज के साथ साथ डोभी नगर के सभी वर्गों के लोगों में भारी उत्साह का वातावरण देखने को मिला।माता जी की आगवानी के लिए हर गली में लोगों द्वारा विशेष तैयारी की गई थी।

## नहीं रहे सत्यनारायण अवस्थी



**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** नगर के प्रतिष्ठित अवस्थी परिवार के रिटायर्ड शिक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार सत्येन्द्र अवस्थी के पूज्य पिता सत्यनारायण अवस्थी का निधन हो जाने पर नगर के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी। अवस्थी जी पं रामगोपाल राजेन्द्र अवस्थी के परिजन थे।

## पंडित रासबिहारी दुबे का स्वर्गवास



**नवभारत/ गोटेगांव** समीप ग्राम रिमझा चौराहा नोनी करेली के प्रतिष्ठित ग्रामवासी कृषक आनंद दुबे एवं रामस्वरूप दुबे के परमपूज्य पिताश्री और राहुल तिवारी के नानाजी पंडित रासबिहारी दुबे का 72 वर्ष की आयु में अचानक हृदयगति रुक जाने की वजह से आकस्मिक निधन हो गया,आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे।



## सांगई में शाला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित


**नवभारत/ गाडरवारा।** बीते सोमवार ड़ो नगर के समीपी ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला मे शाला स्तरीय गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं पर्यावरण विषय की शाला स्तरीय प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यालय मे छात्र छात्राओं के हितार्थ मॉडल निर्माण,लघुनाटिका, पर्यावरण एकल गीत, सेमिनार आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन माध्यमिक वर्ग के लिए किया गया। इन प्रतियोगिताओ मे छात्र छात्राओं ने सूर्य ग्रहण, चंद्र ग्रहण, सौर मंडल, कचरा संग्रहण, जल संरक्षण आदि विषयों पर मॉडल व पोस्टर बनाये। इसके अलावा बाल विवाह पर लघु नाटिका प्रस्तुत की एवं सेमिनार में विद्याथियो ने प्लास्टिक प्रदूषण पर अपने विचार रखे। इस दौरान छात्राओं ने पर्यावरण एकल गीत भी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम उपरांत सफल छात्र छात्राओं की पोर्टल पर एंट्री की गई। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानपाठक मधुसूदन पटैल, विवेक नाईक, देवेंद्र ठाकुर, किरणलता ठाकुर, चन्द्रभूषण नामदेव, फूलवती केवट सहित अनेक बच्चों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## मारपीट करते हुये बाइक में की तोड़फोड़

**नवभारत/ गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम नांदनेर निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने खेत की लेवलिंग का काम कर रहा था कि उसी समय नीतेश किरार फोन पर बताया कि छोटी बनखेडी गांव के अंदर नीतेश अपने दोस्त हर्षित के साथ दुकान पर समान लेने गया था तो गांव का भैया जी गूजर द्वारा हर्षित को गंदी गंदी गालियां देने लगा जब हर्षित ने गाली देने से मनाया किया तो भैया जी ने डंडे से हर्षित के साथ मारपीट की गई। नीतेश ने बीच बचाव किया तो भैयाजी गूजर का भाई राममिलन गूजर ने हर्षित के साथ मारपीट की गई। इतने मे मोहल्ले का दीपक किरार अपने भाई शैलेश उर्फ शिल्लू किरार के साथ आया और दोनो ने नीतेश के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। वही हर्षित के पिता शिवनारायण शर्मा और नीलेश धाकड और बीच बचाव का प्रयास किया।

## त्रुटिपूर्ण आदेश के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत

**गोटेगांव** तहसील के अंतर्गत राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा भूमि रिकॉर्ड में की गई कथित हेराफेरी और मनमाने आदेशों का एक गंभीर मामला सामने आया है। रिपटा मोहल्ला निवासी कृष्ण कुमार नामदेव ने कलेक्टर को सौंपे शिकायती पत्र में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) और तहसीलदार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मामला ग्राम छोटा छिंदवाड़ा स्थित खसरा नंबर 94/3 की शामलाती जमीन के बंटवारे और उसके बाद हुए गलत नामांतरण से जुड़ा हुआ है। शिकायत के अनुसार, आवेदक के भाई स्वर्गीय प्रेमनारायण के हिस्से में खसरा नंबर 94/3 का कुल 0.312 हेक्टेयर रकबा आया था, जिसे उन्होंने पूरी तरह प्लॉट बनाकर विक्रय कर दिया था। प्रेमनारायण की मृत्यु के बाद उनके पुत्रों ने फौती नामांतरण के दौरान तहसीलदार से सांठगांठ कर उक्त रकबे को 0.312 के स्थान पर



0.461 हेक्टेयर दर्ज करा लिया। हद तो तब हो गई जब पटवारी ने राजस्व रिकॉर्ड में सुधार करते समय इस रकबे को और बढ़ाकर 0.586 हेक्टेयर दर्ज कर दिया। इस त्रुटिपूर्ण आदेश के खिलाफ जब एसडीओ न्यायालय में अपील की गई, तो वहां भी 11 माह तक मामला लंबित रखने के बाद तहसीलदार के आदेश को ही यथावत रखा गया, जबकि आवेदक ने सभी रजिस्ट्रियों और नामांतरण की सूची साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत की थी। आवेदक कृष्ण कुमार का आरोप है कि इस मामले में पटवारी से लेकर उच्च राजस्व अधिकारियों तक की कार्यप्रणाली संदेहास्पद रही है। हालांकि कलेक्टर ने पूर्व में संज्ञान लेते हुए अपर कलेक्टर को जांच सौंपी थी, लेकिन तहसील कार्यालय से फाइल आगे न बढ़ने के कारण प्रकरण आज भी लंबित है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री को भी प्रतिलिपि भेजकर न्याय की गुहार लगाई है और चेतावनी दी है कि ऐसे त्रुटिपूर्ण आदेशों से आम जनता का राजस्व न्यायालयों से विश्वास उठता जा रहा है।

**ज्ञापन** | **समस्याओं का समाधान न होने पर भारतीय किसान संघ ने जताई कड़ी नाराजगी**

# कलेक्टर को सौंपा गया पुन : स्मरण पत्र

**नवभारत/नरसिंहपुर।** भारतीय किसान संघ जिला नरसिंहपुर के पदाधिकारियों ने सोमवार को कलेक्टर से मुलाकात कर जिले के किसानों की लंबित समस्याओं पर गहरा रोष व्यक्त किया। संघ का कहना है कि 17 नवंबर को किसान शंखनाद ट्रैक्टर रैली% के माध्यम से प्रशासन को जो मांग पत्र सौंपा गया था, उस पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अधिकारियों द्वारा केवल आश्वासन देकर किसानों को शांत किया जा रहा है, जिससे किसान स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

### खाद और बिजली के लिए भटक रहे किसान

संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को बताया कि रबी सीजन की शुरुआत के साथ ही किसान खाद के लिए केंद्रों पर भटकने को मजबूर हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की बार-बार की जा रही कटौती ने सिंचाई कार्य को ठप कर



दिया है। विशेष रूप से साई खेड़ा डीसी (वितरण केंद्र) से किसानों को नए या सुधरे हुए ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं हो रहे हैं, जिससे फसलें सूखने की कगार पर हैं।

### उपार्जन और मूल्य पर उठे सवाल

ज्ञापन में मक्का और धान खरीदी का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। संघ ने आरोप लगाया कि मक्का किसानों को मक्का का उचित समर्थन मूल्य नहीं मिल पा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। धान खरीदी केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं और प्रबंधन की भारी कमी है, जिससे तुलाई और भंडारण में देरी हो रही है। गन्ना भुगतान के लिए 15 दिन का अल्टीमेटम प्रतिनिधिमंडल ने कृषि विभाग के उप संचालक और गन्ना संचालक से भी मुलाकात की। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि गन्ना मिलों की समस्याओं का तुरंत निराकरण किया जाए और किसानों का बकाया भुगतान आगामी 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए। भुगतान में देरी होने पर संघ ने उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

कलेक्टर कार्यालय पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से प्रांत मंत्री स्वदेश कोठारी, जिला अध्यक्ष संतोष राय, प्रांत सदस्य सरदार पटेल, संभागीय अध्यक्ष अनुरूध पटेल और संभाग सदस्य तेजसिंह तोमर शामिल थे। साथ ही, विजय मालपानी, जिला कोषाध्यक्ष विष्णु पटेल, जिला मीडिया प्रभारी नितिन तिवारी, गोटेगांव तहसील अध्यक्ष यशवंत पटेल, करेली तहसील अध्यक्ष अनिल पटेल, सुप्यार राजपूत, मुन्ना लाल पटेल, नरसिंहपुर तहसील अध्यक्ष गोवर्धन सिंह, तहसील मीडिया प्रभारी ओम चौकसे, एंशवत सिंह और दिनेश पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## सहायक शिक्षक ने बच्चों को बांटी स्वेटर

**गाडरवारा।** गत दिवस क्षेत्र के साईखेडा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम गरधा की एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक राजेंद्र पुरी गोस्वामी ने दर्ज सभी 95 बच्चों को ठण्ड से बचाव हेतु स्वेटर का वितरण किया। इस अवसर पर श्री गोस्वामी ने कहा कि इस विद्यालय के बच्चों के प्रति मेरा समर्पण प्रारंभ से ही रहा है। आज जो बच्चे स्कूल नहीं आ पाए है उनको स्कूल आने पर स्वेटर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल 2026 को उनकी सेवानिवृत्ति होना है जिसमे अब कम ही दिन शेष है।ऐसे में बच्चों को स्वेटर भेंटकर उन्हें अत्यंत खुशी हो रही है। इस अवसर पर सहायक संचालक सीमा डोंगरे, बीआरसी संदीप स्थापक, बीएसी पवन राजोरिया, सीएसी अपसार खान, बनवारीलाल नागवंशी, सरपंच प्रवीण ममार, प्रधानपाठक सरोज झारिया, रेखा शर्मा, अल्पना स्थापक, अतिथि शिक्षक नीलू स्थापक सहित पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, स्व सहायता समूह के सदस्य एवं स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।